HILLENBRAND

नीति श्रेणी: मानवाधिकार नीति	**नीति संख्या:** 1.0	**प्रभावी तिथि:** 7/31/2020
मानवाधिकार नीति	**संस्करण:** 1.0.0	**स्वामी:** मुख्य मानव संसाधन अधिकारी या नामिति

1. प्रयोजन

Hillenbrand, Inc. ("Hillenbrand") एक ऐसी कंपनी बनना चाहती है, जहाँ हमारे लोगों, उत्पादों तथा साझेदारियों के सकारात्मक प्रभाव उन पर्यावरणों की बेहतर तरीके से सहायता करें, जिनमें हम प्रचालन करते हैं। Hillenbrand संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता (United Nations Global Compact - "UNGC") में एक प्रतिभागी है तथा मूल मानवाधिकारों के प्रति वचनबद्ध है। Hillenbrand लागू अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों के अनुसार चलना तथा उन समुदायों में मानवाधिकारों को बढ़ाने के मौकों की तलाश करना चाहता है, जिसमें हम प्रचालन करते हैं। यह वचनबद्धता हमारे बुनियादी मूल्यों में सम्मिलित है तथा यह हमारी नैतिक कारोबारी आचार संहिता (Code of Ethical Business Conduct) ("संहिता") का भी एक घटक है, जो http://ir.hillenbrand.com पर उपलब्ध है।

2. कार्यक्षेत्र तथा अनुप्रयोग

यह मानवाधिकार नीति (यह "नीति") Hillenbrand पर लागू होती है, जिसमें इसकी सहायक कंपनियां तथा प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोगी कंपनियां (सामूहिक रूप से, "कंपनी") शामिल हैं। यह नीति इस कंपनी के सलाहकारों, एजेंटों, बिक्री बिचौलियों, वितरकों तथा स्वतंत्र ठेकेदारों (सामूहिक रूप से "कारोबारी भागीदारों" के रूप में संदर्भित) पर भी लागू होती है।

इस नीति को लागू करने में यह कंपनी प्रत्येक क्षेत्राधिकार के संबंधित कानूनों का सम्मान करती है। यदि जरूरी हो तो संबंधित कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए इस नीति को ज़रूरी परिशिष्टों तथा अनुपूरक दिशानिर्देशों से मिलाकर पूरा किया जा सकता है। यह कंपनी लागू अधिक कठोर कानून अथवा इस नीति का पालन करेगी।

3. नीतिगत वक्तव्य

यह कंपनी अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों के सिद्धांतों का सम्मान करने तथा मानवाधिकारों को बढ़ावा देने एवं उनकी रक्षा के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के प्रति वचनबद्ध है, जिसमें यूके आधुनिक दासता अधिनियम (UK Modern Slavery Act), तथा दूसरी बेहतरीन प्रथाएं जिनकी कंपनी समय-समय पर पहचान सकती है, सम्मिलित हैं।

यह कंपनी अपने प्रचालनों अथवा आपूर्ति श्रृंखला में मानवाधिकारों का दुरुपयोग सहन नहीं करेगी। हमारे आपूर्तिकर्ताओं की विशिष्ट अपेक्षाएं इस कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शिता नीति (Supply Chain Transparency Policy) से अभिशासित होती हैं, जो http://ir.hillenbrand.com. पर उपलब्ध हैं।

4. कर्मचारियों तथा कारोबारी भागीदारों की जिम्मेदारियां

हम कई विभिन्न देशों तथा क्षेत्राधिकारों में कानूनों का पालन करने के लिए अपने कर्मचारियों तथा कारोबारी भागीदारों पर निर्भर हैं। हम नीतियां स्थापित करते हैं तथा हमारे कारोबारों पर सबसे अधिक लागू होने वाली हमारी नीतियों एवं नियमों को समझने में उनकी मदद करने के लिए प्रशिक्षण देते हैं। Hillenbrand अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करती है कि वे हमारे

प्रचालनों अथवा हमारे कारोबारी भागीदारों के प्रचालनों में मानवाधिकारों के हनन के किसी भी संदेह अथवा प्रमाण की रिपोर्ट आचार एवं अनुपालन विभाग (Ethics and Compliance Department) से करें।

4.1 *दासता, बलात श्रम, बाल श्रम एवं मानव तस्करी*

Hillenbrand रोज़गार की ऐसी शर्तों के प्रति वचनबद्ध है, जो विश्व के सभी भागों में लागू कानूनों तथा नियमों का पालन करते हैं, तथा UNGC के सिद्धांत पाँच में दी गयी "बाल श्रम" की परिभाषा को अंगीकार करती है। हम अपने किसी भी वैश्विक प्रचालन में बाल श्रम या बलात श्रम, दासता अथवा मानव तस्करी के इस्तेमाल को सहन नहीं करेंगे। हम अपने कारोबारों से यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा करते हैं कि हमारी आपूर्ति श्रृंखला में कोई भी बाल श्रम या बलात श्रम, दासता अथवा मानव तस्करी मौजूद न हो, तथा ऐसे शोषण को रोकने के लिए लागू कानूनों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हों।

4.2 *कार्य स्थल में सम्मान*

हम सभी कर्मचारियों से पेशेवराना तथा सम्मान का बर्ताव करते हैं। हमारी संहिता इस सिद्धांत के प्रति हमारी वचनबद्धता को निर्धारित करती है

4.3 *मुआवज़ा एवं काम के घंटे*

Hillenbrand ऐसे वेतन का भुगतान करेगी, जो कानूनन अपेक्षित वेतन के बराबर या उससे अधिक हो। Hillenbrand सभी लागू स्थानीय, राजकीय अथवा राष्ट्रीय वेतन एवं घंटे के कानूनों अथवा काम करने के समय के कानूनों का पालन करेगी।

4.4 *स्वास्थ्य और सुरक्षा*

हम कर्मचारियों एवं अतिथियों को एक सुरक्षित तथा स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करने के लिए वचनबद्ध हैं, तथा हम अपना कारोबार सुरक्षित तरीके से करते हैं, जो लोगों के संभावित नुकसान को न्यूनतम करता है, जिसमें जोखिम का समुचित आकलन करना भी शामिल है।

4.5 *सामूहिक सौदेबाजी*

कंपनी के कई कर्मचारी सामूहिक सौदेबाजी के समझौतों के अधीन काम करते हैं। यह कंपनी अपने सभी कर्मचारियों से सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाए रखने का प्रयास करती है, जिसमें उन कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियन तथा श्रमिकों की परिषदें शामिल हैं। हम कर्मचारियों के खुद अपनी पसंद के किसी वैध संगठन में शामिल होने अथवा न होने का चयन करने के अधिकारों को स्वीकार करते हैं तथा उसका सम्मान करते हैं। हम संघ बनाने की आजादी, गोपनीयता एवं सामूहिक सौदेबाजी की स्वतंत्रता से संबंधित कानूनों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हैं।

5. शासन संबंधी जिम्मेदारियां

5.1 *Hillenbrand की संपोषणीयता संचालन समिति:*

Hillenbrand की संपोषणीयता संचालन समिति इस कंपनी के प्रयोजनों एवं मापनीय निष्पादन लक्ष्यों को निर्धारित करने तथा उनका समन्वय करने एवं समय-समय पर ऐसे उद्देश्यों और लक्ष्यों की समीक्षा करने एवं समुचित आंतरिक तथा बाहरी हितधारकों तक संप्रेषित करने के लिए जिम्मेदार है।

5.2 *मुख्य मानव संसाधन अधिकारी ("CHRO") तथा प्रबंधन के दूसरे सदस्य*

CHRO समय-समय पर प्रबंधन के दूसरे सदस्यों की सहायता से कंपनी के लिए मानवाधिकारों पर पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने तथा बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

5.3 *नैतिकता एवं अनुपालन विभाग (Ethics and Compliance Department - "ECD")*

ECD इस नीति के कथित अथवा संदिग्ध उल्लंघन की जांच करता है।

6. कर्मचारियों तथा कारोबारी भागीदारों के सरोकारों की रिपोर्टिंग

6.1 *कर्मचारी*

कर्मचारी संदिग्ध संहिता, नीति अथवा कानून के उल्लंघनों की रिपोर्ट अपने स्थानीय प्रबंधन, मानव संसाधन, कानूनी विभाग अथवा आचार एवं अनुपालन विभाग को कर सकते हैं। संदिग्ध उल्लंघनों की रिपोर्ट कर्मचारी नैतिकता हॉटलाइन के जरिए http://concern.hillenbrand.com पर अथवा अपने स्थान के उपयुक्त टोल-फ्री नंबर पर, जो उसी वेबसाइट पर पाया जा सकता है, कॉल करके भी कर सकते हैं। इन माध्यमों से साझा की गई किसी भी सूचना को गोपनीय माना जाएगा, तथा रिपोर्टें गुमनाम रूप से (जहां कानून द्वारा अनुमत हो) की जा सकती हैं। इस नीति अथवा संहिता के अधीन सरोकार उठाने पर किसी भी कर्मचारी के विरूद्ध कोई बदले की कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह कंपनी कर्मचारियों के सरोकारों की जांच करेगी, निराकरण करेगी तथा जवाब देगी एवं किसी भी उल्लंघन के प्रत्युत्तर में समुचित सुधारात्मक कार्रवाई करेगी।

6.2 ***कारोबारी सहभागी***

यदि जनता के किसी भी सदस्य, किसी कारोबारी सहभागी अथवा दूसरे व्यक्ति के कोई सरोकार हों तो वह सरोकार हमारी ऑनलाइन साइट http://concern.hillenbrand.com को सरोकार उठाने के लिए गोपनीय रूप से रिपोर्ट की जा सकती है। जहां कानून द्वारा अनुमत हो, ऐसी रिपोर्टें गुमनाम रूप से उठायी जा सकती हैं।

Hillenbrand के पास किसी भी समय इस नीति को बदलने का अधिकार है।

7. प्राधिकार एवं समीक्षा का इतिहास

7.1 प्राधिकार

अनुमोदन की तारीख	संस्करण संख्या	अनुमोदनकर्ता	पद (Position)
7/13/2020	1.0.0	HI अनुपालन समीक्षा	HI अनुपालन समीक्षा बोर्ड

		बोर्ड	

7.2 नीति के स्वामी: मुख्य मानव संसाधन अधिकारी या नामिति

7.3 समीक्षा इतिहास

तिथि	संस्करण संख्या	परिवर्तन का ब्यौरा	लेखक	पद (Position)
7/13/2020	1.0.0	प्रारंभिक संस्करण	निक आर. फैरेल (Nick R. Farrell); पीटर वी. हिल्टन (Peter V. Hilton)	उपाध्यक्ष, महापरामर्शदाता, सचिव तथा मुख्य अनुपालन अधिकारी (V.P., General Counsel, Secretary & Chief Compliance Officer) कॉर्पोरेट एवं प्रतिभूति परामर्शदाता, संपोषणीयता संचालन समिति के अंतरिम अध्यक्ष (Corporate & Securities Counsel, Interim Chair of Sustainability Steering Committee) ("SSC")

7.4 CRB समीक्षा का इतिहास

तिथि	संस्करण संख्या	CRB समीक्षा	लेखक	पद (Position)
7/13/2020	1.0.0	ईमेल के जरिए	निक आर. फैरेल (Nick R. Farrell); पीटर वी. हिल्टन (Peter V. Hilton)	उपाध्यक्ष, महापरामर्शदाता, सचिव तथा मुख्य अनुपालन अधिकारी (V.P., General Counsel, Secretary & Chief Compliance Officer); कॉर्पोरेट एवं प्रतिभूति परामर्शदाता, SSC के अंतरिम अध्यक्ष (Corporate & Securities Counsel, Interim Chair of SSC)